दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-12, अंक-231 मंगलवार 22 अगस्त, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

सत्यजय टाईम्स
हिंदी दैनिक

## संक्षिप्त समाचार

# 'से नो टू नारकोटिक्स' विषय पर नशा विरोधी जागरूकता फिल्म की गई प्रदर्शित

फरीदाबाद, 21 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। सोमवार को अग्रवाल कॉलेज में 'से नो टू नारकोटिक्स' विषय पर नशा विरोधी जागरूकता फिल्म प्रदर्शित की गई। इसका आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत



गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में यूथ रेड क्रॉस और रेड रिबन क्लब द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वाईआरसी संयोजक डॉ. जय पाल सिंह ने सभी छात्रों का स्वागत किया और इस फिल्म की स्क्रीनिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस फिल्म की स्क्रीनिंग का उद्देश्य हरियाणा के विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के खिलाफ जागरूक करना है।

फिल्म नशीली दवाओं से दूर रहने का संदेश देती है क्योंकि युवाओं में नशीली दवाओं और शराब का उपयोग सीधे तौर पर हिंसा, आत्महत्या, शैक्षणिक विफलता और अन्य उच्च जोखिम वाले व्यवहारों से संबंधित है। कार्यक्रम का समापन आरआरसी की संयोजक डॉ. गीता गुप्ता के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ और डॉ. रेखा सैन (आरआरसी सदस्य) और सुश्री पूजा (वाईआरसी काउंसलर) द्वारा सफलतापूर्वक समन्वित किया गया।

अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के वाईआरसी और आरआरसी युवाओं में जागरूकता फैलाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं ताकि वे समाज और देश के विकास और कल्याण में योगदान दे सकें। इसमें 75 स्वयंसेवक उपस्थित होकर लाभान्वित हुए।